# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर

# एन्टी रैगिंग अवेयरनेस महोत्सव

## 12 से 20 अगस्त 2024



# आख्या

# (Report)



प्रेरणा स्रोत
**श्रीमती आनंदीबेन पटेल**
मा0 कुलाधिपति एवं राज्यपाल
उत्तर प्रदेश

संरक्षक
**प्रो. विनय कुमार पाठक**
कुलपति
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी
प्रति कुलपति

प्रो0 नीरज कुमार सिंह
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण

डा0 प्रवीन कटियार
कुलानुशासक

डॉ0 अनिल कुमार यादव
कुलसचिव







Ministry of Education
Government of India
सत्यमेव जयते

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
University Grants Commission
Quality higher education for all

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर



प्रेरणा स्रोत
**श्रीमती आनंदीबेन पटेल**
मा0 कुलाधिपति एवं राज्यपाल
उत्तर प्रदेश

# एन्टी रैगिंग अवेयरनेस महोत्सव

## दिनांक : 12 से 20 अगस्त 2024 तक



संरक्षक एवं मार्गदर्शक
**प्रो0 विनय कुमार पाठक**
कुलपति
छ.शा.जी.म. विश्वविद्यालय, कानपुर

| दिनांक एवं समय | कार्यक्रम | स्थान |
|---|---|---|
| **12/08/2024**<br>**समय:**<br>मध्याह्न 12 बजे से | राष्ट्रीय एन्टी रैगिंग दिवस पर<br>**Introduction orientation programm on Anti-Ragging**<br>(समस्त प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिये) | वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई प्रेक्षागृह |
| **13/08/2024** | स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिता | स्कूल ऑफ टीचर एजूकेशन |
| **14/08/2024** | एन्टी रैगिंग के संबंध में पोस्टर एवं लोगो बनाने की प्रतियोगिता | स्कूल आफ क्रिएटिव एवं परफार्मिंग आर्ट्स |
| **16/08/2024**<br>**समय:**<br>मध्याह्न 12 बजे से | एन्टी रैगिंग पर वर्कशाप एवं सेमिनार<br>शार्ट फिल्म एवं डाक्यूमेंट्री प्रदर्शन | समस्त संस्थान/ विभाग |
| **20/08/2024**<br>**समय:**<br>अपराह्न 1 से 2 बजे तक | स्लोगन, निबंध, पोस्टर एवं लोगों बनाने के प्रतिभागियों को पुरस्कार का वितरण | सीनेट हॉल |

ANTI RAGGING
www.antiragging.in

C4Y Centre for Youth
Let's Grow Together
www.c4yindia.org

**Unite Against Ragging**

डॉ. अनिल कुमार यादव, कुलसचिव, छ.शा.जी.म. विश्वविद्यालय, कानपुर

# राष्ट्रीय एन्टी रैगिंग दिवस के अवसर पर
# “रैगिंग पर परिचय एवं ओरिएनटेशन“ कार्यक्रम

दिनांक -12 अगस्त 2024






# राष्ट्रीय एन्टी रैगिंग दिवस के अवसर पर
# "रैगिंग पर परिचय एवं ओरिएनटेशन" कार्यक्रम

दिनांक- 12 अगस्त 2024





दिनांक 12 अगस्त 2024 को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा राष्ट्रीय एन्टी रैगिंग दिवस के अवसर पर "रैगिंग पर परिचय एवं ओरिएनटेशन" कार्यक्रम विश्वविद्यालय के वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समस्त संस्थानों/विभागों के प्रथम वर्ष के विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रति कुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो0 नीरज कुमार सिंह, कुलसचिव डॉ0 अनिल कुमार यादव, कुलानुशासक डा0 प्रवीन कटियार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलन से हुआ।

इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी जी ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परिसर में किसी भी तरह की Guidance की जरूरत होने पर तुरंत Class Teacher/Head/Director से संपर्क करने को कहा। उसके बाद भी अगर कोई समस्या रहती है तो वह उच्च अधिकारियों से संपर्क कर सकता है रैगिंग के संबंध में भी विश्वविद्यालय में एन्टी रैगिंग कमेटी व एन्टी रैगिंग स्क्वाड हैं, जो रैगिंग रोकने में समस्त कार्यवाही करते हैं।

छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो0 नीरज कुमार सिंह ने बताया कि रैगिंग में कौन-कौन से आचरण आते है तथा रैगिंग करने वालों को क्या-क्या दंड दिये जा सकते है?

रैगिंग के अन्तर्गत निम्नलिखित एक अथवा अनेक कार्य आते है-

क- किसी छात्र अथवा छात्रों द्वारा नये आने वाले छात्रों का मौखिक शब्दों अथवा लिखित वाणी द्वारा उत्पीड़न अथवा दुर्व्यवहार करना।

ख- छात्र अथवा छात्रों द्वारा उत्पात करना अथवा अनुशासनहीनता का वातावरण बनाना जिससे नये छात्रों को कष्ट, आक्रोश, कठिनाई, शारीरिक अथवा मानसिक पीड़ा हो।

ग- किसी छात्र से ऐसे कार्य को करने को कहना जो वह सामान्य स्थिति में न करे तथा जिससे नये छात्रों में लज्जा पीड़ा अथवा भय की भावना उत्पन्न हो।

घ- वरिष्ठ छात्र द्वारा किया गया कोई ऐसा कार्य जो किसी अन्य अथवा नये छात्र के चलते हुये शैक्षिक कार्य में बाधा पहुचाये।

ड़- नये अथवा किसी अन्य छात्र का दूसरों को दिये गये शैक्षिक कार्य को करने हेतु बाध्य कर शोषण करना।

च- नये छात्र का किसी भी प्रकार से आर्थिक शोषण करना।

छ- शारीरिक शोषण का कोई भी कार्य/किसी भी प्रकार का यौन शोषण, समलैंगिक प्रहार, नंगा करना तथा अश्लील तथा काम संबंधी कार्य हेतु विवश करना, अंग चालन द्वारा बुरे भावों की अभिव्यक्ति करना, किसी प्रकार का शारीरिक कष्ट जिससे किसी व्यक्ति अथवा उसके स्वास्थ्य को हानि पहुँचे।

ज- मौखिक शब्दों द्वारा किसी को गाली देना, ईमेल, डाक पब्लिकली किसी को अपमानित करना, किसी को कुमार्ग मार्ग पर ले जाना स्थानापन्न अथवा कष्टदाय देना या सनसनी पैदा करना जिससे नये छात्र को घबराहट हो।

झ- कोई कार्य जिससे नये छात्र के मन मस्तिष्क अथवा आत्मविश्वास पर दुष्प्रभाव पड़े। नये अथवा किसी छात्र को कुमार्ग पर ले जाना तथा उस पर किसी प्रकार की प्रभुता दिखाना।

कुलानुशासक डा0 प्रवीन कटियार ने विश्वविद्यालय द्वारा एन्टी रैगिंग सप्ताह के अन्तर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में बताया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को रैगिंग से संबंधित Documentary भी दिखाई गयी।

इस अवसर पर बी.टेक. (CSE) प्रथम वर्ष के छात्र अभिनव, बी.ए.जे.एम.सी. प्रथम वर्ष की छात्रा वैष्णवी वर्मा एवं प्रिया गौतम ने विश्वविद्यालय में अपने अनुभवों के संबंध में बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें अभी तक विश्वविद्यालय परिसर में कोई समस्या नहीं हुयी है तथा सीनियर्स उनसे अच्छा व्यवहार करते हैं।

धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव, डॉ0 अनिल कुमार यादव ने किया।

कार्यक्रम का संचालन कुलानुशासक, डा0 प्रवीन कटियार ने किया।

इस अवसर पर प्राक्टोरियल बोर्ड के सदस्यगण, मीडिया प्रभारी डॉ0 विशाल शर्मा, हॉबी क्लब की प्रभारी डॉ0 ममता तिवारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ0 श्याम मिश्रा एवं विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 पुष्पा ममोरिया, डॉ0 पंकज द्विवेदी, डॉ0 स्नेह पाण्डेय तथा विभिन्न संस्थानों/विभागों के निदेशक/शिक्षकगण उपस्थित थे।

# स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिता

दिनांक- 13 अगस्त 2024

स्थान: स्कूल आफ टीचर एजूकेशन







**स्लोगन प्रतियोगिता**

दिनांक 13/08/2024 को स्कूल आफ टीचर एजूकेशन मे अयोजित की गयी।  इस प्रतियोगिता में कुल 40 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम के विजेता निम्नवत् है-

**स्नेहा शुक्ला**, स्कूल आफ बिजनेस मैनेजमेंट, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर- **प्रथम**
स्लोगन- Break the chain of fear Stop Ragging Here!
**विनीता शर्मा**, स्कूल आफ टीचर एजूकेशन, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर- **द्वितीय**
स्लोगन- Ragging does not break ice, it break carrier, Families, Nation. "Stop Ragging"
**शिवम पाल**, स्कूल आफ टीचर एजूकेशन, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर- **तृतीय**
स्लोगन- Ragging does not breaking ice it breaks Lives, Be  a Buddy, Not a Bully.
**अजय कश्यप**, स्कूल आफ बिजनेस मैनेजमेंट, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर- **सांत्वना**
स्लोगन- Respect and Care, Make it Clear, Say No to Ragging Everywhere.
**आदित्य पाण्डेय**, स्कूल आफ आर्ट्स ह्यूमेनिटीज एण्ड सोशल सांइसेस, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर- **सांत्वना**
स्लोगन- रैगिंग छोड़िए, हाथ जोड़िए। मानवता की चादर ओड़िए ।

**निबंध प्रतियोगिता**

दिनांक 13/08/2024 को स्कूल आफ टीचर एजूकेशन मे अयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में कुल 37 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम के विजेता निम्नवत् है-

**प्रियांशी**, स्कूल आफ टीचर एजूकेशन, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर- **प्रथम**
**रितिका शर्मा**, स्कूल आफ बिजनेस मैनेजमेंट, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर- **द्वितीय**
**अरूण कुमार मिश्रा**, स्कूल आफ लाइफ सांइसेस एण्ड बायोटेक्नोलॉजी, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर- **तृतीय**
**अवनी गुप्ता, सांत्वना**
**शिवम पाल**, स्कूल आफ टीचर एजूकेशन, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर- **सांत्वना**

# पोस्टर प्रतियोगिता

दिनांक- 14 अगस्त 2024

स्थानः स्कूल आफ क्रिएटिव एण्ड परफार्मिंग आर्ट्स








**पोस्टर प्रतियोगिता**

एन्टी रैगिंग के संबंध में पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता दिनांक 14/08/2024 को स्कूल आफ क्रिएटिव एण्ड परफार्मिंग आर्ट्स मे अयोजित की गयी । इस प्रतियोगिता में कुल 43 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम के विजेता निम्नवत् है-

**प्रलाक्षी पाल,** स्कूल आफ क्रिएटिव एण्ड परफार्मिंग आर्ट्स, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर- **प्रथम**
**आर्यन वर्मा,** स्कूल आफ क्रिएटिव एण्ड परफार्मिंग आर्ट्स, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर- **द्वितीय**
**वर्षा कटियार,** स्कूल आफ हेल्थ सांइसेस, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर- **तृतीय**
**कल्पना सिंह,** स्कूल आफ क्रिएटिव एण्ड परफार्मिंग आर्ट्स, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर- **प्रथम सांत्वना**
**शिवानी दिवाकर,** ए.एन.डी. गर्ल्स कालेज, कानपुर- **द्वितीय सांत्वना**
**आदर्श झा,** स्कूल आफ क्रिएटिव एण्ड परफार्मिंग आर्ट्स, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर- **तृतीय सांत्वना**




प्रथम




द्वितीय




तृतीय

# लोगो प्रतियोगिता

दिनांक- 14 अगस्त 2024

स्थानः स्कूल आफ क्रिएटिव एण्ड परफार्मिंग आर्ट्स






**लोगो प्रतियोगिता**
एन्टी रैगिंग के संबंध में लोगो बनाने की प्रतियोगिता दिनांक 14/08/2024 को स्कूल आफ क्रिएटिव एण्ड परफार्मिंग आर्ट्स मे अयोजित की गयी । इस प्रतियोगिता में कुल 26 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम के विजेता निम्नवत् है-

**पवन कुमार पाल,** स्कूल आफ क्रिएटिव एण्ड परफार्मिंग आर्ट्स, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर- **प्रथम**
**तुबा खातून,** स्कूल आफ क्रिएटिव एण्ड परफार्मिंग आर्ट्स, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर- **द्वितीय**
**अभिषेक मौर्य,** स्कूल आफ क्रिएटिव एण्ड परफार्मिंग आर्ट्स, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर- **तृतीय**
**देव कुमार,** स्कूल आफ क्रिएटिव एण्ड परफार्मिंग आर्ट्स, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर- **प्रथम सांत्वना**
**प्रिया सिंह,** स्कूल आफ क्रिएटिव एण्ड परफार्मिंग आर्ट्स, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर- **द्वितीय सांत्वना**




प्रथम




द्वितीय




तृतीय

# एंटी रैगिंग पर वर्कशॉप एवं सेमिनार शॉर्ट फिल्म एवं डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन

दिनांक- 16 अगस्त 2024

विश्व विद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा दिनांक 16 अगस्त 24 को एंटी रैगिंग पर वर्कशॉप/ सेमिनार आयोजित किए गए, साथ ही साथ शॉर्ट फिल्म / डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन विद्यार्थियों के समक्ष किया गया।









# एन्टी रैगिंग अवेयरनेस महोत्सव का समापन कार्यक्रम

# स्लोगन, निबंध, पोस्टर एवं लोगो प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण

दिनांक- 20 अगस्त 2024












# एन्टी रैगिंग अवेयरनेस महोत्सव का समापन कार्यक्रम
# स्लोगन, निबंध, पोस्टर एवं लोगो प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण

दिनांक- 20 अगस्त 2024

दिनांक 20 अगस्त 2024 को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में एन्टी रैगिंग अवेयरनेस महोत्सव का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय में एन्टी रैगिंग अवेयरनेस महोत्सव दिनांक 12 से 20 अगस्त 2024 तक मनाया गया। दिनांक 12 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय एन्टी रैगिंग दिवस पर Introduction orientation programme on Anti-Ragging आयोजित किया गया। दिनांक 13 अगस्त 2024 को स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल आफ टीचर एजूकेशन में किया गया। दिनांक 14 अगस्त 2024 को एन्टी रैगिंग के संबंध में पोस्टर एवं लोगो बनाने की प्रतियोगिता स्कूल आफ क्रिएटिव एवं परफार्मिंग आर्ट्स में आयोजित की गयी एवं 16 अगस्त 2024 को एन्टी रैगिंग पर वर्कशाप एवं सेमिनार, शार्ट फिल्म एवं डाक्यूमेंट्री प्रदर्शन विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों/संस्थानो में आयोजित किये गये।
समापन कार्यक्रम का उद्घाटन प्रति कुलपति प्रो० सुधीर कुमार अवस्थी जी, डीन, स्टूडेन्ट वेलफेयर प्रो० नीरज कुमार सिंह, चीफ प्राक्टर डा० प्रवीन कटियार एवं डॉ० पुष्पा ममोरिया द्वारा दीप प्रज्जवलन से हुआ।
कार्यक्रम में निबंध, स्लोगन, पोस्टर एवं लोगो प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। विश्व विद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा दिनांक 16 अगस्त 24 को एंटी रैगिंग पर वर्कशॉप/ सेमिनार आयोजित किए गए, साथ ही साथ शॉर्ट फिल्म / डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन विद्यार्थियों के समक्ष किया गया।
साथ ही साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किये।
इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो० सुधीर कुमार अवस्थी ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी रैगिंग के संबंध में जागरूक रहें तथा कोई भी समस्या होने पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों को अतिशीघ्र सूचना दें। विश्वविद्यालय का पूर्ण प्रयास है कि विश्वविद्यालय का परिसर रैगिंग मुक्त रहें तथा विद्यार्थियों को सद्भावपूर्ण वातावरण मिले।
धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ० पुष्पा ममोरिया ने किया।
कार्यक्रम का संचालन चीफ प्राक्टर डा० प्रवीन कटियार ने किया।
इस अवसर पर स्कूल आफ टीचर एजूकेशन की विभागाध्यक्ष डॉ० रश्मि गोरे, स्कूल आफ क्रिएटिव एण्ड परफार्मिंग आर्ट्स के प्रभारी श्री राजकुमार सिंह, डॉ० मिठाईलाल तथा विभिन्न संस्थानों/विभागों शिक्षकगण उपस्थित थे।









इंटरनेशनल सेंटर
International Centre


STOP!
NO
STOP BULLYING


STOP
BULLYING!